### छात्रावास, सामुदायिक भवन, मंगल भवन, आईटीआई के निर्माण स्थलों के मजदूर मूलभूत सुविधाओं से वंचित

# ठेकेदार की लापरवाही से खुले में शौच जाने मजबूर मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया




तामिया में तहसील शासन के द्वारा आदिवासी समुदाय के हितों के लिए कॉलेज भवन निर्माण, आईटीआई कॉलेज, छात्रावास, सीएमराइज, स्कूल मंगल भवन, निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के ठेकेदारों की मनमानी एवं हठधर्मिकता साफ देखने मिल रही है कि वह नियम कानून एवं अनुबंध के अनुरूप काम ना कर मन माने तरीके से काम तो कर ही रहे है।

जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर तकनीकी अधिकारियों के मिली भगत से विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, साथ ही पर्यावरण के लिए भी हानिकारक बने हुए हैं क्योंकि निर्माण स्थल में आ रहे हैं। पेड़ों को बिना अनुमति काटने के गंभीर मामले सामने आए हैं। लेकिन अधिकारी एवं पंचायत द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण ठेकेदारों ने बिना अनुमति के दर्जनों हरे भरे पेड़ भी काट डाले, लेकिन उनकी हठधार्मिक का सबसे अद्भुत उदाहरण है कि चल रहे इन निर्माण कार्यों में लगभग 100 से अधिक मजदूर बाहर से आकर निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे हैं जो यहां पर रात दिन निवास करते हैं, लेकिन ठेकेदारों ने इनके लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं कि जिस कारण इन मजदूरों को खुले में शौच करने जाना मजबूरी बन गई है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छ भारत मिशन एवं शौच मुक्त भारत के लिए निशुल्क शौचालय बनवाए गए हैं जिससे लोग खुले में शौच ना करें लेकिन प्रधानमंत्री की इस अति महत्वपूर्ण स्वच्छता मिशन को तामिया में निर्माण करने वाले ठेकेदार धता बतला रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत भी शौच मुक्त एवं ओडीएफ पंचायत का तमगा लेकर घूम रही है, वह भी मजदूरों के खुले में शौच जाने से अनजान बनी बैठी है, सरपंच महिला है।

तामिया पंचायत में पूर्णकालिक सचिव नहीं है। इस कारण भी खुले में शौच जा रहे ठेकेदार के मजदूर से अंजान बने बैठे हैं। इस तरह ठेकेदारों के दर्जनों मजदूर महीनो से खुले में शौच जा रहे हैं, इससे समझा जा सकता है कि शौच मुक्त भारत एवं स्वच्छता अभियान के लिए ग्राम पंचायत कितनी जागरूक है और ठेकेदार जिनके अनुबंध में मजदूरों को तय मजदूरी देना एवं उनके शौच एवं रहने व्यवस्था करना शामिल है, लेकिन वे अनुबंध का खुला उल्लंघन कर मजदूरों को खुले में शौच जाने मजबूर किए हुए है जो उनकी अपनी मजबूरी है जो उनको खुले में शौच जाना पड़ रहा है, वहीं विभाग के तकनीकी अधिकारी इस सारी मजदूरों की समस्या से अंजान बने बैठे हैं या फिर वो निर्माण स्थल पर नहीं पहुंचते हैं जो भी हो शीघ्र इन मजदूरों के लिए ठेकेदारों को शौचालय की व्यवस्था कर शौच मुक्त भारत मिशन के सपने को साकार करने विभाग के अधिकारियों ग्राम पंचायत एवं स्वच्छता के कोऑर्डिनेटर जो जनपद कार्यालय मै शोभा की सुपारी बने हुए है, उन्हें भी कम से कम अब मैदान में उतरकर मजदूरों के शौच की व्यवस्था देखनी होगी। जब कहीं जाकर शौच मुक्त भारत मिशन पर ठेकेदारों की लापरवाही से निर्मित हुई मजदूरों की खुले में शौच जाने की समस्या से निजात मिल सके।

### पुलिस ने दर्ज किया दोनों पक्षों पर मामला

## जमीन पर निर्माण को लेकर विवाद और मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

चांदामेटा थाने के अंतर्गत वार्ड 21 मंगली बाजार में एक जमीन में निर्माण को लेकर विवाद हुआ और फिर मारपीट हो गई। पुलिस ने एक पक्ष के 5 और दूसरे पक्ष के 4 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 21 में डेहरिया परिवार रहता है, जो अपने मकान के बगल में निर्माण के लिए नींव खुदवा रहा था। यह बात जब दूसरा पक्ष जो आदिवासी समुदाय से है, को पता चली तो वे चांदामेटा पुलिस के पास पहुंचे और उक्त जमीन को लेकर कोर्ट में मामला चलने और जमीन पर लगे स्टे के बारे में बताया। जिसके पुलिस मौके पर पहुंची और स्टे आर्डर दिखाकर काम रूकवा दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद दोनों परिवारों के सदस्यों के बीच आपसी विवाद होने लगा। जो धीरे - धीरे गाली - गलौच और मारपीट तक पहुंच गया। मौजूद पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव किया। इसके बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक - दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने डेहरिया परिवार के राजेन्द्र, सकरवती, सोनम, राजकुमार और शरद डेहरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया। इसी तरह एसटी परिवार के सुदीप मरकाम, जयदीप मरकाम, प्रीति भलावी और छाया काकोड़ीया के खिलाफ मामला कायम किया है।

### भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष है सोनम

उक्त विवाद और मारपीट का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इसमें सोनम डेहरिया भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष है। इस मामले में मारपीट का विडियो भी वायरल हो रहा है।

# माइक्रो फाइनेंस बैंक के फील्ड ऑफिसर ने महिलाओं से की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



यहां टेकडी वार्ड में भारत फाइनेंशल इन्क्लूजन लि. नामक माइक्रो फाइनेंस बैंक के फिल्ड ऑफिसर जितेंद्र गुमेरिया निवासी कबर पीपला पर लगभग 50 महिलाओं ने किश्त की राशि बैंक में जमा कराने के लिए नगद प्राप्त करने के बाद बैंक में राशि जमा नहीं करने का आरोप लगाया है। जब अनेक महिलाओं को बैंक की तरफ से वसूली के नोटिस मिले तब मामला उजागर हुआ। जितेंद्र पर लगभग 13. 52 लाख रू. की हेराफेरी का आरोप है। इसके अलावा जितेंद्र पर 30 से अधिक महिलाओं के नाम व्यक्तिगत लोन पास कर उस राशि को अपने खाते में ट्रांसफर करने का आरोप है।

महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत जितेंद्र गुमेरिया के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र महिलाओं को गुमराह करके किसी बहाने से उनके हस्ताक्षर या अंगुठा बैंक के कागज पर लेता था। बैंक मैनेजर आसिफ शाह ने भी गडबडी किए जाने की बात स्वीकार की है। पुलिस मामले के विस्तृत जांच कर रही है उसके बाद ही अधिक जानकारी मिल पाएगी।

### शैलेश मोहिने साइंटिस्ट बन परासिया का किया नाम रोशन

**परासिया।** खिरसाडोह, न्यू परासिया नगर, वार्ड नं 16, निवासी डॉ शैलेश मोहिने का देश की प्रतिष्ठित शोध प्रयोगशाला सी. एस. आई. आर.-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (**CSIR-NPL**) न्यू दिल्ली मे वैज्ञानिक (साइंटिस्ट) के पद पर चयन परासिया हुआ गौरांवित। डॉ शैलेश मोहिने, स्वर्गीय-पिता श्री गौरीशंकर मोहिने, माता श्रीमती नीता मोहिने के सुपुत्र है एवं श्रीं सजल मोहिने डिप्टी जनरल मैनेजर एनटीपीसी लिमिटेड, श्री संदीप मोहिने सीनियर अकाउंट एनालिस्ट बीएसएफ बर्लिन (जर्मनी) के छोटे भाई हैं। डॉ शैलेश



मोहिने ने अपनी स्कूलिंग गवर्नमेंट पेंचवैली हॉयर सेकेंडरी स्कूल परासिया से एवं पीएचडी (डॉ.) की उपाधि ए. सी. एस. आई. आर.- केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (**AcSIR-CSIO**) चंडीगढ़ से उत्तीर्ण की है। इन्होंने देश के प्रतिष्ठित प्रायोगिक शोध एवं उच्च-शिक्षण संस्थान जैसे टी.बी.आर.एल.-डी.आर.डी.ओ(**TBRL-DRDO**), सी. एस. आई. आर.-सी.एस.आई.ओ (**CSIR-CSIO**), आई.आई.टी. इंदौर (**IIT Indore**) में रिसर्च फेलो (**JRF-SRF**), रिसर्च एसोसिएट(**RA**) **ke** पदों पर शोध प्रोजेक्ट पर कार्य किए है। इनके शोधरुचि का विषय ध्वनि तरंग प्रक्रमण(**Acoustic Signal Processing**) एवं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (**AI**) है। ये भविष्य में भी इन्हीं विषयों पर अपनी शोध **CSIR-NPL** न्यू दिल्ली में साइंटिस्ट के पद पर जारी रखेंगे। साइंटिस्ट बनने की उपलब्धि के लिए समूचे जिले के गणमान्य नागरिको ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं,।

### चौरे सैंकड़ों समर्थकों के साथ पहुँचे फुले फिल्म देखने

**छिंदवाड़ा।** सौसर विधायक विजय चौरे सेकड़ो समर्थक लोगो के साथ श्रेयांश टॉकीज फुले मूवी देखने पहुँचे छिंदवाड़ा रिलीज हुई फूले फिल्म का हम सभी लोग समर्थन करते है की फूले एक फिल्म नही बल्कि सामाजिक बदलाव की एक आवाज है। यह फिल्म हमें हमारे पूर्व जनों के इतिहास उनके कार्यों उनके संघर्षों को बताती है की किस प्रकार उन्होंने उस समय में, नारी शिक्षा, विधवा विवाह बाल विवाह, छुआछूत आदि कुरीतियों को मिटाने का कार्य किया एवम समाज के करोडो दवे कुचले सोशित वंचित समाज के लिए और शिक्षा के लिए नारी सकती को भी शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

## आदर्श मुस्लिम विवाह सम्मेलन का आयोजन

**जुन्नारदेव** -: आदर्श मुस्लिम विवाह सम्मेलन का आयोजन इज्तिमाई निकाह कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें पांच जोड़ों के निकाह संपन्न हुए। निकाह पढ़ाने का काम मस्जिद गरीब नवाज के पेश इमाम ने किया।निकाह में प्रत्येक जोड़े को ग्रहस्ती के समान पलंग पेटी विस्तार कपड़े जन सहयोग से प्रदान किए गए। निकाह के बाद बारातियों सहित महमानों को भोजन भी कराया गया। विवाह सम्मेलन में दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद देने नगर के जनप्रतिनिधियों मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक ने मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अफरोज आलम, निसार अहमद जमील अहमद अरबी कुरैशी हैदर कुरैशी अनवर भाई शाहिद भाई आदि अनेकों लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर भाजपा नेता अमरदीप राय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण सहू, पार्षद अरुणेश जायसवाल, संतोष जंगेला, श्रीमती तस्लीम खान,हाजी मोहम्मद शाहिद सदर जमा मस्जिद सैयद गौहर जमाल, सदर मस्जिद गरीब नवाज जफफू भाई, इसाम सिद्दीकी मोहम्मद ताहिर , शम्मी भाई, शमीम अंसारी इमरान ,रफीक खान,सुल्तान कादरी, इम्तियाज खान,आबिद खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### दो वर्ष से लापता नाबालिग को पुलिस ने ढूंढ निकाला



**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा आयुष गुप्ता के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व मे थाना उमरेठ के अपराध क्र.89/23 धारा 363 ताहि की नाबालिग बालिका घटना दिनांक 08.03.23 को बिना बताये कही चली गई थी जिसकी रिपोर्ट दिनांक 11.03.23 को परिजनो के द्वारा थाना मे लिखाने पर उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान दस्तयाब कर बालिका को उसके माता पिता के सुपुर्द किया गया। थाना प्रभारी निरी. विजय राव माहोरे, सउनि नितेश ठाकुर,प्र.आर. नारायण आर.जगदीश एवं सायबर सेल से प्र.आर.811 नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। "पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

## क्षेत्र के गांवों का विकास भाजपा सरकार की देन:मोहोड़

### ग्राम साईखेड़ा में हाल ही में ट्यूबवेल लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

ग्राम साईखेडा में हाल ही में ट्यूबवेल लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंपांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड थे। मिली जानकारी के अनुसार साइकिल क्षेत्र में विगत कुछ समय से पानी को लेकर समस्या हो रही थी। जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा पेयजल की व्यवस्था बनाने की मांग पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों से की जा रही थी।

लोकार्पण समारोह के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ ने कहा कि भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथी हमारे भी मंशा है कि सौसर क्षेत्र के सभी गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य पेयजल शिक्षा अच्छी सड़के उपलब्ध हो सके, सरकार के सरकार एवं शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर काम किया जा रहा है। रोजगार मुखी योजनाओं का आम जनमानस में लाभ लेना चाहिए।जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते, ने कहा कि पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहन के प्रयासों से निरंतर सौसर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली 59 ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य किया जा रहे हैं। साइखेड़ा मैं पेयजल की समस्याओं को देखते हुए ट्यूबवेल का लोकार्पण किया गया है।

### अगरबत्ती गोदाम में बने एनीकट का किया जा रहा गहरीकरण

**छिंदवाड़ा।** शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा सर्वर्धन अभियान के तहत दिनांक 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक भरतादेव फिल्टर प्लांट के पास अगरबत्ती गोदाम परिसर में बने एनीकट का गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। उक्त एनीकट का निर्माण वर्ष 1998-99 मे ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा किया गया। तत्कालीन समय मे यह क्षेत्र ग्राम पंचायत चंदनगांव मे आता था। वर्तमान मे 2014 मे नगर निगम का गठन होने के पश्चात यह क्षेत्र नगर पालिक निगम छिन्दवाडा के वार्ड क्र. 36 में शामिल हुआ उक्त एनीकट मे चंदनगांव गांव के फोकट नगर के नाले का पानी एवं भरतादेव फिल्टर प्लाट से निकलने वाले बेकवाटर वाश का पानी जमा होता है।उक्त एनीकट का निर्माण हुए लगभग 27 वर्ष हो चुके है किन्तु इस अवधि मे कभी भी एनीकट की सफाई तथा गाद निकालने कार्य नही हुआ। नगर निगम आयुक्त श्री सीपी राय के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान मे इस वर्ष एनीकट से लगभग 180 मीटर लम्बाई एवं 30 मीटर (औसत) चौडाई मे खुदाई कर लगभग 12825 घनमीटर गाद निकाली गयी। गाद निकाले के पश्चात एनीकट में काफी मात्रा मे पानी का संग्रहण हो सकेगा जिससे आसपास के भू जल स्तर में वृद्धि होगी तथा सार्वजनिक, निजी नलकूप भी चार्ज होगे।

## मृत्यु भोज के स्थान पर किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज शहर के शांति कॉलोनी में काली मंदिर प्रांगण में किरार समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पुलिस विभाग में कार्यरत स्वर्गीय जीवन चौरे जिनकी 16 मई को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। किरार समाज संगठन के निवेदन एवं प्रयास पर चौरे परिवार के द्वारा समाज हितैशी अनुकरणीय कार्य सामाजिक कुरूति मृत्यु भोज को सीमित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। साथ उपस्थित सामाजिक बंधुओ द्वारा जीवन चौरे के द्वारा सामाजिक क्षेत्र में एवं पुलिस विभाग मे किए गए साहसिक कार्यों पर प्रकाश डाला गया। एवं सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सामाजिक पदाधिकारियो तथा पारिवारिक जनों श्री चौरे की पत्नी रामकुमारी चौरे,पुत्र बिट्टू चौरे,पुत्री रश चौरे द्वारा जीवन चौरे की स्मृति में पर्यावरण को संरक्षित करने के संकल्प को पूरा करने हेतु काली मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। प्रमुख अतिथियों द्वारा समाज में वृहद स्तर पर फैली कुरीतियो के उन्मूलन में मृत्युभोज के स्थान पर श्रध्यांजली सभा जैसे कार्य की सराहना की गई।

## छिंदवाड़ा में चला व्यापक स्वच्छता जागरूकता अभियान

### महापौर एवं आयुक्त के निर्देशन में सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। महापौर श्री विक्रम अहाके एवं आयुक्त श्री सी.पी. राय के मार्गदर्शन में सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा वार्डों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें नागरिकों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

### प्रमुख वार्डों में हुई गतिविधियाँ

**वार्ड क्रमांक 41 (दीनदयाल पार्क व खंडेरा चौक)सिंगल-** यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम पर जानकारी दी गई और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने की अपील की गई।

**नागरिकों को कचरे के वर्गीकरण** – गीला, सूखा, सेनेटरी वेस्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरे के बारे में बताया गया।

**वार्ड क्रमांक 42 (बस स्टैंड)**रेड स्पॉट की समस्या को समझाया गया। बताया गया कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाना न केवल बीमारियों का कारण बनता है, बल्कि शहर की सुंदरता भी खराब करता है।

**वार्ड क्रमांक 18 (बीस खोली)** यहाँ स्वच्छता महुआ एप के उपयोग की जानकारी दी गई तथा सफाईमित्र सुरक्षा चैलेंज के अंतर्गत सेप्टिक टैंक सफाई हेतु सुरक्षा किट के उपयोग का महत्व समझाया गया। नागरिकों से फीडबैक लेकर स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

**वार्ड क्रमांक 21 (रेक पॉइंट)**रेड स्पॉट जागरूकता, स्वच्छता एप की जानकारी, सफाईमित्रों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान और नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए फीडबैक एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**वार्ड क्रमांक 22 (सोनाखार बस्ती)**हर घर दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर टीम ने गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, सेनेटरी वेस्ट और घरेलू हानिकारक कचरे के सुरक्षित निपटान पर जागरूकता फैलाई। रहवासियों ने इस पहल को सराहते हुए पूरा सहयोग किया। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने नागरिकों से अपील की है कि वे सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, कचरे का सही तरीके से पृथक्करण कर नगर निगम की गाड़ी को दें, स्वच्छता महुआ एप का उपयोग करें।

### शहर कांग्रेस ने माल्यार्पण कर किया महाराणा प्रताप को किया याद

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मेवाड़ के महान राजपूत शासक महाराणा प्रताप की जयंती पर कांग्रेसजन उनके चरणों में नतमस्त हुए। शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन को मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ अडिग प्रतिरोध के लिए याद किया जाता है। विशेष रूप से हल्दी घाटी के युद्ध के लिए याद किए जाते हैं। उन्होंने अपने देश और संस्कृति की रक्षा के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में हमेशा नैतिकता व सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने अनेकों कठिनाईयों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। अपने सम्पूर्ण जीवनकाल में उन्होंने आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम में हेमंत राय, वासुदेव शर्मा, जगदीश झांझोड़, राजू स्वामी, पप्पू यादव, आनंद राजपूत, शैलू सेंगर, सचिन वानखेड़े, आशीष चौधरी, अर्जुन बघेल, मुकेश उपाध्याय, टिंकू राय, तरूण कराड़े, पिंचू बैस अमित मालवी, अमित श्रीवास्तव, सिराज कुरैशी, जाकिर परवेज, चिंटू काले, सचिन दुबे, स्वप्निल शर्मा, बबला पटेल, विवेक मालवी, आभास चौरसिया, विशाल साहू, मयंक श्रीवास्तव, मौसम श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। शौर्य, स्वाभिमान और मातृभूमि प्रेम के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती कांग्रेस सेवादल के द्वारा मनाई गई। कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले, राकेश मरकाम, बलराम चौहान, देशराज बारस्कर, रमेश बेले, सुनील सारगपुरे, सुनील सातपुते, कमलेश सातपुते, राजेन्द्र इन्दोरकर, पंचम अमरोदे, विक्रम नन्देवार, रवि खिलवाड़ी, रमेश माहोरे, देवेन्द्र लोखण्डे, राजेश धुर्वे, प्रदेशराज बारस्कर, प्रदीप चौरसिया, शिव भवन सिंह, चन्द्रभान सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

राजाखोह की 4 आदिवासी दीदियों ने अपनी महुआ कुकीज़ से छिंदवाड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर दिलाई नई पहचान

# प्रधानमंत्री तक पहुंचा छिंदवाड़ा की महुआ कुकीज़ का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के ग्राम राजाखोह की चार आदिवासी महिलाएं— देवकी चौरे, लता मर्सकोले, नीतू अहिरवार और मंजू चौरे ने अपने साहस, परिश्रम और नवाचार से वो कर दिखाया है जो कभी सिर्फ सपना लगता था। गायत्री अरण्य स्व सहायता समूह के माध्यम से इन्होंने पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए महुआ बिस्किट, कुकीज, मिलेट कुकीज और महुआ लड्डू जैसे विशिष्ट उत्पाद तैयार किए, जो आज छिंदवाड़ा की पहचान बनकर राज्य की सीमाओं को पार कर चुके हैं।



इन मेहनती बहनों की संघर्षगाथा इतनी प्रेरणादायक बनी कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के ऐतिहासिक 120वें एपिसोड में इनके कार्यों का उल्लेख करते हुए पूरे देश के सामने इनकी सृजनशीलता, आत्मनिर्भरता और समर्पण की प्रशंसा की। यह पल न केवल इन चारों दीदियों के लिए, बल्कि पूरे छिंदवाड़ा जिले और आदिवासी समाज के लिए सम्मान और गर्व का प्रतीक बन गया।

सीमित संसाधनों, सामाजिक चुनौतियों और ग्रामीण परिवेश के बावजूद इन महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि संकल्प, सहयोग और मेहनत से दूरदराज़ के गाँव भी राष्ट्रीय मंच पर चमक सकते हैं। ये महिलाएं केवल उत्पाद नहीं बना रहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था के विकास और सामाजिक बदलाव की प्रतीक बनकर उभरी हैं। राजाखोह की ये दीदियाँ आज एक नई ग्रामीण क्रांति की आवाज़ बन चुकी हैं।

### महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं दीदियाँ

गायत्री (अरण्यका) स्व सहायता समूह की इन आदिवासी महिलाओं ने 28 सितंबर 2018 को म.प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह का गठन किया। प्रारंभ में साप्ताहिक बैठकें और बचत से शुरू हुआ यह सफर अब आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल बन चुका है। समूह को 15,000 का रिवॉल्विंग फंड और 1,50,000 की कैश क्रेडिट लिमिट मिली, जिससे आजीविका के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत इन महिलाओं ने महुआ कुकीज़, मिलेट कुकीज़, लड्डू, नानखटाई जैसे उत्पादों का निर्माण शुरू किया।

देवकी चौरे, नीतू अहिरवार, लता मर्सकोले और मंजू चौरे ने न केवल इन उत्पादों का निर्माण किया, बल्कि स्थानीय मेलों, हाट बाजारों, सरस मेला, मिलेट फूड फेस्टिवल जैसी प्रदर्शनियों में इन्हें बेचा भी। आज इनकी मासिक आमदनी 15,000 रुपये तक पहुँच गई है, जिससे ये महिलाएँ न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने परिवारों को भी आर्थिक रूप से संबल प्रदान कर रही हैं।

### ऑनलाइन बिक्री से बढ़ा आत्मविश्वास

महिलाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन और आजीविका मिशन ने 4 मार्च 2025 से एन.आई.सी. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ऑर्डर सुविधा प्रारंभ की। गायत्री अरण्य समूह को भी इस सुविधा में शामिल किया गया, जिसके माध्यम से समूह को अब तक छिंदवाड़ा, रतलाम, जबलपुर, भोपाल और महाराष्ट्र के नागपुर जैसे स्थानों से 105 ऑनलाइन ऑर्डर प्राप्त हुए, जिससे अतिरिक्त 18,680 की आय अर्जित हुई है।

इस नई शुरुआत से समूह की महिलाएं और अधिक आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर हैं। भविष्य में 'पातालकोट आजीविका उत्पाद' नामक मोबाइल ऐप के माध्यम से इनके उत्पादों की व्यापक मार्केटिंग की योजना भी तैयार की जा रही है। राजाखोह की ये आदिवासी महिलाएँ आज सशक्त महिला नेतृत्व, स्वावलंबन और स्थानीय संसाधनों के सतत उपयोग की प्रेरक मिसाल बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री से लेकर आमजन तक, हर किसी की नजर में ये 'दीदीयाँ' अब प्रेरणा की प्रतीक बन गई हैं।

## रामशांती के छात्रों ने जीत लाए गोवा से 5 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

स्थानीय रामशांती के ने छात्रों ने गत दिनों गोवा के मडगाव शहर में हुई जुडो एवं कराटे की 23 से 27 मई तक चली। मडगाव के बास्केट बॉल स्टेडियम में हुई इस प्रतियोगिता में यहां की रामशांती विद्यामंदिर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने शहर का नाम रोशन किया। छात्रा आस्था राठौर ने काता इवेंट में स्वर्ण पदक, रूद्राणी राठौर स्वर्ण पदक, भावेश वाघमारे ब्लैक बेल्ट इवेंट कुमीते में रजत पदक जीतकर पांढुर्ना जिले का नाम गौरवान्वित किया। शाला के खेल प्रशिक्षक आदित्य कोरे ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। छात्रों की जीत की खुशी पर प्राचार्य चारू गुलाटी, स्कूल मैनेजर रोहित धवले एवं स्कूल डायरेक्टर शिवम बुधराजा ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## व्हालीबाल टूर्नामेंट को लेकर हुई बैठक, 9 जून से होगा टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

न्यूटन नंबर 4 के वार्ड 8 में व्हालीबाल टूर्नामेंट आयोजन को लेकर बैठक हुई। बैठक में 9 जून से टूर्नामेंट शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। यह आयोजन में जय दुर्गे व्हालीबाल क्लब द्वारा कराया जा रहा है। सांसद कप जिला स्तरीय व्हालीबाल टूर्नामेंट का समापन 11 जून को होगा। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जय दुर्गे व्हालीबाल क्लब अध्यक्ष चंद्रमोहन श्रीवास, श्रीचंद पटेल कार्यवाहक अध्यक्ष, दीपक बाथरी उपाध्यक्ष, राहुल सराठी सचिव एवं पार्षद वार्ड नं 8, ओमप्रकाश डेहरिया, अखलेश डेहरिया, विल्फ्रेड झगरिया, सोनू त्रिवेदी, रूपेश इरपाची, हेमंत अग्रवाल, सुदीप डेहरिया, शानू खान, बॉबी बाथरी, विवेक यादव, अंशुल अग्रवाल, दिनेश ठाकुर, चिंकूल शुक्रा, एलेन्स चौरिया, देवेंद्र शक्रवार, सौरभ चौहान, दिव्यांश बाथरी, दिव्यांश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन समीति ने जिले भर की टीमों को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आमंत्रित किया है।

## श्रुत पंचमी पर लगेगा जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा कल जेष्ठ शुक्ल पंचमी शनिवार 31 मई के शुभ दिन मां जिनवाणी को समर्पित श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया जावेगा।

मंगल महोत्सव पर नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन कर श्री जिनेन्द्र पूजन के साथ श्रुत पंचमी पूजन कर मंगल महोत्सव मनाया जावेगा पश्चात 8.30 बजे मां जिनवाणी का भव्य चल समारोह निकाला जावेगा जो श्री आदिनाथ जिनालय से गोल गंज, मेन रोड, बड़ा जैन मंदिर चूना गली, छोटी बाजार तारण तरण चैत्यालय से मेन रोड, छापाखाना, पहाड़े मेडिकल से बुधवारी का भ्रमण कर पायल वालों के निवास से गोल गंज, कमानिया होते हुए वीतराग भवन पहुंचेगा।जहां 10.30 से से ध्वजारोहण, 10.45 से शिविर उदघाटन, 11 बजे से शिविर कार्यालय उदघाटन एवं उदघाटन सभा का आयोजन किया जावेगा पश्चात साधर्मी वात्सल्य का आयोजन रखा गया है।

रात्रि 7.30 बजे से शिविर किट वितरण, 8 बजे से सामूहिक कक्षा, 8.45 से वर्गवार कक्षा एवं 9.30 भी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा।राष्ट्रीय विद्वानों का मिलेगा समागम -वर्षा पाटनी एवं आर्या जैन ने बताया कि सात दिवसीय बाल, युवा, प्रौढ़ जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्तर के युवा शास्त्री विद्वान संस्कारों का बीजारोपण करेंगे जिसमें विधानाचार्य पंडित अशोक शास्त्री उज्जैन, राघौगढ़ से बाल शिविर विशेषज्ञ पंडित अशोक शास्त्री मांगुलकार, विदुषी श्रीमती स्वीटी मांगुलकर, युवा विद्वान अनमोल शास्त्री, अमन शास्त्री आरोन, सत्पथ विजेता अचल शास्त्री, इतिहास विशेषज्ञआयुष शास्त्री, बाल कक्षा विशेषज्ञ ध्रुव शास्त्री ज्ञानोदय भोपाल सहित स्थानीय विद्वानों का लाभ प्राप्त होगा जिसमें सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन की ओर से सर्वश्री शांतिकुमार पाटनी, अशोक जैन, प्रमोद पाटनी, विमल जैन, चितरंजन जैन, सुरेन्द्र जैन, प्रकाश अहिंसा, जिनेन्द्र जैन, अजय कौशल, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विशाल शास्त्री, आशीष कौशल सहित समस्त जिनशासन सेवकों द्वारा की गई है।

## कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरुआत



**चौरई** : शासन की मंशानुरूप विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आज 29 मई को ग्राम पंचायत मरकाहाडी, सीहोरामाल, एवं सीतापार पंचायत में कृषकों की उपस्थिति में कृषि वैज्ञानिक दल कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग एवं वेटरिनरी विभाग , उद्यान विभाग के अधिकारीयो द्वारा कृषकों को जानकारी दी गई वैज्ञानिक दल द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में कृषकों को कौन सी प्रजाति का बीज लेना है एवं कृषि से संबंधित अन्य गतिविधियां कैसे संचालित करनी है के बारे में कृषकों को विस्तृत अवगत कराया गया साथ ही कृषकों की समस्याओं का तत्काल ही मौके पर निराकरण बताया गया उक्त अभियान चौरई विकासखंड में दिनांक 29 मई 2025 से दिनांक 5 जून 2025 तक चलेगा जिसमें वैज्ञानिक दल एवं कृषि से संबंधित अन्य विभागों द्वारा कृषकों की समस्याओं का निराकरण कर किसानों को उन्नत कृषि की तकनीकि के बारे में अवगत कराया जाएगाआज इस कार्यक्रम में वेटरिनरी विभाग से डॉक्टर पक्षवार **sir**, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉक्टर अलावा जी डॉक्टर सरिता सिंह मैडम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री उमेश पाटिल, वेटरिनरी विभाग से डॉक्टर सिंह उद्यान विभाग से श्री ओम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कृषक उपस्थित रहे।

एसपी ने कहा आगजनी का प्रकरण दर्ज कर की जा रही जांच

## नक्सलियों या किसी अज्ञात ने जलाया तेंदूपता का फड़, डाबरी में हुई तेंदूपत्ता फड़ को जलाने की घटना

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले के लांजी थाना अंतर्गत डाबरी पुलिस चौकी के ग्राम झकुरदा में तेंदूपत्ता से भरे बोरो में आग लगाने की घटना सामने आई है। हालांकि तेंदूपत्ता के बोरे में आग नक्सलियों ने लगाई या अज्ञात तत्वों ने यह साफ नहीं है। एसपी नगेन्द्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद मामले में आगजनी का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 28-29 की मध्यरात्रि में नक्सल प्रभावित लांजी अंतर्गत डाबरी चौकी के झकुरदा में तेंदुपत्ता फड़ में आग लगाई गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फड़ का बीमा होना पाया गया है। अब तक की जांच में इस घटना के पीछे स्थानीय असामाजिक तत्वों की भूमिका की संभावना लग रही है। चूंकि घटनास्थल पर किसी प्रकार के नक्सली पर्चे नहीं मिले है, जिससे, प्रथमदृष्टया, घटना में नक्सलियों की भूमिका, प्रतित नहीं होती है। आगजनी की घटना की जांच की जा रही है।



बताया जाता है कि 29 मई की सुबह नक्सलियों ने झकुरदा में घटना को अंजाम दिया। तेंदूपत्ता खरीदी के बाद बोरो में तेंदूपत्ता भराई का काम अंतिम दौर में चल रहा है। तेंदूपत्ता फड़ मुंशी ने तेंदूपत्ता से भरे 33 बोरे के जलने की जानकारी बताई है। फड मुंशी गरमसिंह टेकाम ने बताया कि सुबह, जब हम यहां पहुंचे तो फड़ आग से जला हुआ था। जिसकी मैनेजर को इसकी सूचना दी। जिसके बाद ठेकेदार और पुलिस यहां पहुंची थी।

दरअसल, पुलिस और होकफोर्स के लगातार जंगलो में बनाए जा रहे दबाव से नक्सली, अभी आमने-सामने की भिडंत के लिए सक्षम नही है, संभवतः ऐसी घटनाओ को अंजाम देकर वह अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे है, लेकिन पुलिस ने इस घटना में नक्सलियों की भूमिका से इंकार किया है, पुलिस का मानना है कि यह स्थानीय असामाजिक तत्वों की हरकत है और उन्होंने आग किसनें और क्यों लगाई, इसकी जांच जारी है। फिलहाल इस घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर, क्षेत्र में सर्चिंग अभियान को बढ़ा दिया गया है।

## जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र का सम्मान समारोह : आत्मरक्षा और फिटनेस का महत्व, जिसमें लगभग 139 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र, खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 7 से 8 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं द्वारा आत्मरक्षा का प्रदर्शन किया गया, जिसने सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया और उन्हें फिटनेस और आत्मरक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बालक और बालिकाओं को मोबाइल से दूरी बनाकर खेलों में भाग लेना चाहिए और फिटनेस के लिए नियमित अभ्यास करना चाहिए।

**पुरस्कार और सम्मान**

कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और मेडल प्रदान किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि श्री अचिंत नेमा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों को उनके सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में 5 जून को बालाघाट कराते सेंटर में मध्य प्रदेश मार्शल आर्ट कराते अकादमी भोपाल का चयन स्पर्धा आयोजित करने की जानकारी दी गई। जिसमें 13 से 18 साल आयु वर्ग के बालक और बालिका भाग ले सकते हैं। इस स्पर्धा के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और वे आगे की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो सकेंगे।

विशिष्ट अतिथि श्री अर्चित नेमा ने सभी खेल प्रशिक्षकों को उनके परिश्रम और समर्पण के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र में लगभग 139 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं और कोच सजेंद्र कृष्णन को उनकी निशुल्क कराते प्रशिक्षण और जुम्बा डांस के लिए बधाई दी। श्री नेमा ने कहा कि खेलों में भाग लेने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी मजबूत होता है।

बीएसएनएल का टावर तो है, लेकिन सुविधा नहीं

## नक्सलियों गतिविधियों की कैसे मिलेगी सूचना ? जिले के नक्सल प्रभावित गांव डबरी में नेटवर्क से जूझ रहे ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज लांजी** । मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के अति नक्सल प्रभावित ग्राम ऐसे भी है जो डिजिटल इंडिया से कोसों दूर है। चाहे वह वनांचल क्षेत्र में संचालित हो रहे कोई भी विभाग हो जिन्हें डिजिटल इंडिया के तहत कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है देखा जाए तो डिजिटल इंडिया के तमाम दावों की यहां पोल खोलते नजर आ रही है क्योंकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है,। मामला बालाघाट जिले के अंतर्गत आने वाले अति नक्सल प्रभावित ग्राम डाबरी का है जहां पर बीएसएनल का मोबाइल टावर तो खड़ा है। परंतु वह किसी काम का नहीं है जबकि ग्राम डाबरी में पुलिस चौकी, ग्राम पंचायत कार्यालय ,शासकीय स्कूल ,उचित मूल्य की दुकान सभी कार्यालय में ऑनलाइन काम करना होता है परंतु टावर नहीं होने के कारण ग्राम डाबरी में किसी प्रकार का भी ऑनलाइन कार्य करना मुश्किल हो गया है ।यहां कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि यह ग्राम अति नक्सल प्रभावित ग्राम है अगर पुलिस चौकी में जिले में कोई जानकारी भेजना है तो पुलिस विभाग के जवानों को पहाड़ों पर



जाकर नेटवर्क का सहारा लेना पड़ता है तब कहीं जाकर जिले में अपने उच्च अधिकारी को जानकारी दे पाते हैं। ग्रामीण सहित शासकीय कार्यालय के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा इस समस्या को लेकर अपने उच्च अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों तक इस बात को पहुंचाई गई परंतु आज तक कोई समस्या सुलझ नहीं पाई। यहां तक की क्षेत्रीय विधायक को भी ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या से अवगत कराया परंतु क्षेत्रीय विधायक भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। अब ग्रामीणों को जब भी मोबाइल उपयोग करना होता है तो वह पहाड़ों के ऊपर जाकर फोन पर बातें कर पाते हैं और इंटरनेट के माध्यम से डिजिटल की दुनिया को तलाशने लगते हैं गांव में नेटवर्क ना मिलने से इंटरनेट से जुड़े किसी भी प्रकार के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। एक तरह से कहा जाए तो डाबरी और उसके आसपास के दर्जनो ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की समस्या बनी हुई है जिसकी वजह से वहां निवासरत आदिवासी ग्रामीण डिजिटल की दुनिया से कोषों दूर है और वह देश दुनिया की जानकारी से भी कटे हुए हैं।

## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव से नवोदय विद्यालय के लिए 12 एवं सैनिक स्कूल के लिए 7 चयनित छत्रों व परिवारजनों से सौजन्य भेंट कर दी गई शुभकामनाएँ

हरिभूमि न्यूज लांजी ।

बालाघाट जिले के लॉजी विकासखण्ड में स्व. श्री महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव से कक्षा छटवी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित 12 छात्रों जिसमें छात्र धैर्य पिता तोमेश ठाकरे भानेगॉव, लक्ष्य पिता भुमेश्वर रावते जामडीमेटा,क मानसी पिता मनोज कुमार बारमाटे पाथरगॉव, मोक्ष पिता राजेन्द्र बारबुधे कान्द्रीखुर्द, पार्थ पिता गोपाल कृष्ण तुरकर कांद्रीखुर्द., प्रांजलय पिता भुमेशवर पंद्रे चिखलामाली, रोहन पिता सुकदास पंचाले रानककोड़ी, कु. रूचिका माता नीलम बोमरबॉडे टेडवा, श्रषट पिता पंकज मेंढेकर कान्द्रीखुर्द, सिद्दार्थ पिता तुलसीदास गोस्वामी बोलेगॉव, कुमारी स्मृति पिता अखिलेश नाकतोडे पिपलगॉव, सत्येन्द्र सिंह पिता विपीन कालबेले कुम्हारीकला एवं अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में संस्था से 7 छात्रो का चयन हुआ है जिसमें छात्र सिद्धार्थ पिता तुलसीदास गोस्वामी बोलेगॉव, श्रेष्ठ पिता पंकज मेंढ़ेकर कान्द्रीखुर्द, मोक्ष पिता राजेन्द्र बारबुधे कान्द्रीखूर्द ,सत्येन्द्र सिंह पिता विपीन कालबेले कुम्हारीकला, चित्रांश पिता यागयेश दुरूगकर दुलापुर, कु. रूचिका माता नीलम बोमबौंडे टेडवा, कुमारी सुहानी पिता विनय कालबेले कुम्हारीकला। इनमें से 5 छात्र ऐसे है जिन्होनं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा एवं सैनिक स्कूल परीक्षा दोनो सफलता हासिल किया है। इन बच्चों ने अपने नियमित अथक परिश्रम एवं शिक्षको के दिशा निर्देशो का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा मे सफलता प्राप्त कर अपने माता-पिता परिजनों के साथ ही स्कल एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया है। इनकी सफलता पर स्कूल के संचालक श्री आशाराम कुशले, प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले, सहित पलक संघ समिति के अध्यक्ष डॉक्टर प्रकाश दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती छाया पटेल, एवं मार्गदर्शक शिक्षक रोहित चंदेल, सुषमा मेश्राम,नरेन्द्र कटरे, सुरेन्द देवाहे, श्रीमती सुनिता नखाते, श्रीमती भागरता ठाकरे,श्रीमती हेमलता बिसेन, श्रीमती यशोदा कलपुरे ने सभी चयनित छात्रों के घर जाकर छत्रों एवं माता-पिता को पुष्प गुच्छव मेडल भेंट किया साथ ही मिठाई खिलाकर मुह मीठा किया गया बधाई के साथ साथ पर्यावरण के प्रति लगाव की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक छात्रों को वक्षारोपण के लिए बिल्व का पौधा भेंट कर बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनाएँ दी गईं।



## लिंगमारा तालाब में साफ-सफाई और जल संरक्षण का दिया संदेश

**बालाघाट**। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में वारासिवनी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लिंगमारा और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने लिंगमारा में माता मंदिर के पास तालाब की साफ-सफाई की और जल संरक्षण का सन्देश दिया।इस दौरान ग्रामीण जनों को कोमेंद्र बिसेन के द्वारा शपथ दिलाई गई और जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे और जल स्त्रोतों को बचाने के लिए सोख्ता गड्डे बनाने और जल संरक्षण निर्माण करने की आवश्यकता है।

**खबर संक्षेप**

### जिला किरार समाज का सयुंक्त प्रथम सम्मेलन 1 जून को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय किरार युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा और जिला किरार समाज रहेगी उपस्थित
सिवनी। आप सभी को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि किरार समाज जिला सिवनी जिला अध्यक्ष ब्रजमोहन पटेल जी के निर्देशन पर युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा का प्रथम सयुंक्त सम्मेलन होना है। दिनांक 01 जून 2025 दिन रविवार को समय 02 बजे , से, 05 बजे शाम तक , जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है । सम्मेलन में ही विगत मीटिंग के सुझाव का अनुमोदन करते हुए 19 सदस्य बढ़ाकर 50 सदस्यीय नवगठित जिला कार्यकारणी के सदस्य एवं विगत मीटिंग में घोषित कार्यकारणी पदाधिकारी की विधिवत सूची प्रस्तावित करते हुए जिला कार्यकारणी का आगामी कार्यकाल हेतु आपकी उपस्थिति में अध्यक्ष जी द्वारा प्रकाशन किया जाएगा, इस संयुक्त सम्मेलन में अखिल भारतीय किरार समाज जिला सिवनी के जिला अध्यक्ष बृजमोहन पटेल ने सभी सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति की अपील की है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

गुरुवार 29 मई को विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा अर्चन से किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष छपारा सदन वरकड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कृषक बंधुओ की उपस्थिति रही।



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कार्यक्रम को संबोधित कर विधायक ने कहा कि कृषि को लाभदायक व्यवसाय के रुप में स्थापित करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही हैं। कृषि क्षेत्र में लगातार अनुसंधान से नवीन तकनीकी और उन्नत उपकरणों के क्षेत्र में प्रगति हुई हैं। उन्होंने कहा कि किसान साथी कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में उन्नत तकनीकी को कृषि को लाभ का धंधा बनाये। श्रीमती मीना बिसेन ने उपस्थित किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने किसानों को रासायनिक कीटनाशक और उर्वरकों के स्थान पर प्राकृतिक विकल्पों का उपयोग की बात कही। कार्यक्रम में उपसंचालक श्री धुर्वे द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र के विषय विशेषज्ञों द्वारा नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी कृषको को दी गई। कार्यक्रम में कृषि सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से योजना की जानकारी दी गई।

### कृषक बंधु J-FARM APP के माध्यम से कृषि यंत्रों को किराये में ले सकेंगे

कृषि अभियांत्रिकी एवं कृषि विभाग जिला सिवनी द्वारा बताया गया है कि अब कृषक बंधु **J-FARM APP** के माध्यम से कृषि यंत्रों को किराये पर लेने के लिए ऑनलाईन बुकिंग कर सकेंगे और अपने यंत्र किराये पर दे भी सकेंगे। जिसके लिए संबंधित किसान को प्ले स्टोर से **J-FARM APP** प्ले इंस्टाल कर रजिस्ट्रेशन पूर्ण कर करना होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए प्ले स्टोर से डाउनलोड करें **J-FARM APP**, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पर जायें, जे-फार्म एप पर जायें, भाषा हिन्दी/अंग्रेजी का चयन करें, मोबाईल नं., नियम एवं शर्तों से सहमत हूँ, **OTP** प्राप्त कर एप में **OTP** दर्ज करें, 4 अंक का पासकोड सेट करें, जमा करें, अपना नाम व स्थान दर्ज करें, म.प्र., जिला-सिवनी, वि.ख, ग्राम, दर्ज करें उसके उपरांत पूर्ण हुआ के बाद किसान मैं अपने कृषि यंत्र किराये पर देना चाहता हूँ।जन्म का वर्ष, लिंग, जमीन का रकबा, (एकड) एवं फसल चुनें पुनः पूर्ण हुआ मेसेज के उपरांत उपकरण विवरण जोडे, उपकरण की विशिष्टता. ब्रॉड, दर अंकित कर सकते हैं।

### कृषक बंधु निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र स्थापित करने के लिए 12 जून तक कर सकेंगे ऑनलाईन आवेदन

सहायक कृषि यंत्री सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु निजी क्षेत्र में कस्टम हायरिंग केन्द्र (**CHC**) स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक कृषक 12 जून 2025 तक ऑनलाईन (**Online**) आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु धरोहर राशि 10,000/- बैंक ड्राप्ट सहायक कृषि यंत्री जबलपुर के नाम से बनाया जाना होगा। प्रोजेक्ट की अधिकतम लागत 25 लाख रूपये पर लगभग 40 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक कृषि यंत्री सिवनी से सम्पर्क करे या **chc.mpdage.org** बेब साईट का उपयोग करें।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सुश्री संस्कृति जैन, कलेक्टर सिवनी के मार्गदर्शन में शासन के निर्देशानुसार, सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी में दिनांक 31 मई 2025 को ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से यथा- लोक स्वास्थय एव चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, पुलिस, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, महिला बाल विकास, जनजातीय कार्य विभाग, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, जन अभियान परिषद, एवं प्रजापिता ब्रम्हकुमारी, गायत्री परिवार, स्वैच्छिक संस्थाओ, धार्मिक संगठनो एवं समाजसेविओं की सहभागिता सुनिश्चित कराते हुये आयोजन किया जा रहा है । प्र.उपसंचालक संदीप परते ने जानकारी देते हुये बताया कि ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' के अवसर पर युवाओं, छात्र/छात्राओं एवं जनसमान्य में बढ़ती हुई तम्बाकू/धुम्रपान सेवन प्रवृत्ति को राकने के लिये जिले में ''नशामुक्ति रैली'' निकाली जानी है, प्रभातफेरी (रैली) प्रातः 6.30 बजे जिला फुटबाल ग्राउड (स्टेडियम) पुलिस लाइन सिवनी से उपस्थित अतिथियों के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना होगी। रैली ग्राउड से प्रांरभ होकर सोमवारी चौक से होते हुये अंबिका चौक, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सामने वाली गली से हनुमान व्यायम शाला परतापुर रोड, सोमवारी चौक, सिंधी कालोनी से होते हुये वापस स्टेडियम ग्राउड में रैली का समापन होगा। एवं दिनांक 30.05.2025 को पृथक-पृथक खेल मैदानो में जिला खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रषिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं के बीच दो आयुवर्गो (6 से 12 वर्ष एवं 12 से 18 वर्ष) में नशामुक्ति विषय पर निबंध लेखन, रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिताए आयोजित की जा रही है।
कार्यालय उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी द्वारा उक्त रैली एवं प्रतियोगिता मे अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने हेतु बच्चो से अपील की गई।

# प्रीति बोपचे का सुयश, सहायक प्राध्यापिका के रूप में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




सरस्वती शिशु उ.मा.विद्यालय भैरोगंज सिवनी की पूर्व छात्रा कुमारी प्रीति बोपचे का चयन एम.पी.पी.एस.सी. द्वारा हिन्दी की सहायक प्राध्यापिका के रूप में हुआ है। बहिन प्रीति बोपचे सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी की मैधावी छात्रा रही है और वर्तमान में अमरकंटक यूनीर्वसिटी में हिन्दी विषय से पी.एच.डी. कर रही है। बहिन प्रीति बोपचे विद्या भारती महाकोशल प्रांत के प्रांतीय योग प्रमुख व सरस्वती शिशु मंदिर कारंजा के प्राचार्य चुन्नीलाल बोपचे एवं कारंजा विद्यालय की आचार्या श्रीमती अनीता बोपचे की पुत्री है।
कुमारी प्रीति बोपचे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सचिव विद्याभारती महाकोशल प्रांत के सहसचिव नितिन चौधरी, जिला सचिव विनीत अग्रवाल, विद्याभारती क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरूण पटेवार, विद्यालय अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष नूपेश ठाकुर, सहसचिव डॉ. शांतनु शर्मा, विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव सहित समस्त विवेकानंद बाल कल्याण समिति एवं आचार्य परिवार ने बहिन प्रीति की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया

28 मई को माहवारी स्वच्छता दिवस पर गूंज संस्था ने ग्राम बोरदई जिला सिवनी के सामुदायिक भवन में जनपद अध्यक्ष किरण भलावी मैडम की अध्यक्षता में एवं बद्रीनारायण सनोड़ियाजी की उपस्थिती में महिलाओ व किशोरियों को महावारी स्वच्छता प्रबंधन के महत्व की समझाइश दी गई।
संस्था की अध्यक्ष मनीषा चौहान ने कहा कि विश्व माहवारी दिवस बनाने की शुरुआत सन 2014 में जर्मनी के वॉश एनजीओ ने की थी जिसका उद्धेश्य सेफ पीरियड के महत्व को महिलाओ को समझाना । क्योंकि आज भी मासिक धर्म के बारे में कई तरह की भ्रांतियां समाज में फैली हुई है। और अपर्याप्त माहवारी स्वच्छता की वजह से महिलाएं कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रही है खास करके गर्भाशय कैंसर का, हम सब महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना ही इस माहवारी स्वच्छता दिवस का उद्धेश्य



है।क्योकि आज भी हमारे देश में भी एक लाख 80 हजार महिलाओं की मौतें सिर्फ माहवारी स्वच्छता नहीं बरतने की वजह से होती है।
ज्ञात हो कि बोरदई ग्राम में गूंज संस्था के तत्वाधान में निशुल्क 21 दिवसीय बेसिक सिलाई प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। इस शिविर के माध्यम से महिलाओं किशोरियों को आत्मनिर्भर और रोजगार उन्मुख बनाया जा रहा है। अंत में सभी प्रशिक्षार्थी को इको फ्रेंडली सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। व सभी ने हथेली में लाल रंग लगाकर छापे दिये ताकि अपनी शक्ति का अहसास कर सके।आज के इस कार्यक्रम में सविता गौतम, अन्नपूर्णा मालवी, संगीता चौरसिया, संध्या नागपुरे,खुशहाली चौहान,अनुसूया पटवा,तृप्ति सिंग,नीता यादव, संध्या ठाकुर, और मीना ठाकुर की उपस्थिति रही।।

# जनपद पंचायत सीईओ और पंचायत रुमाल के कारण भीषण गर्मी नल-जल योजना 3 माह से बंद

**सोनखार (प्रदीप तिवारी) । उगली। कहने को तो एक समय जिले ही नहीं पूरे म.प्र. के कद्दावार नेता स्व. ठा. हरवंश सिंह के कार्यकाल में यह ग्राम मिनी भोपाल के नाम से विख्यात था.**



आज वर्तमान में इनके ही बेटे ठाकुर रजनीश सिंह विधायक है इसके बावजूद भी बीते 1 से 2 माह में जल संकट की स्थिति इतनी खराब है कि पानी भी लोगों को मुश्किल मिल पा रहा है, विधानसभा केवलारी के अंतर्गत तहसील उगली के रुमाल ग्राम की चर्चा रुमाल जलाशय के नाम से विख्यात है, इतनी बड़ी आबादी और वर्तमान की पंचायती लचर व्यवस्था का खामियाजा भुगत रहे हैं रुमाल ग्रामवासी जल समष्या को देखकर एस डी एम केवलारी ने पन्द्रह दिवस पूर्व ही परमीशन दे दिया और इस पंचायत के माधोटोला में बोर भी हो गया लेकीन आज दिन तक मोटर नहीं लगाई गई।
क्या पता शायद पंचायत मानसून का इंतजार कर रही है, कि बारिश हो जाये और गांव के कुओं में पानी आ जाये तो पंचायत को मोटर और पाइप का खर्चा भी कागज में कर निकाल लिया जाये। सूत्र बताते हैं कि इस वर्ष बोर और कुओं का जलस्तर बहुत नीचे चले गया है, कुएं बावडी सूख गये हैं, इतिहास में पहली बार जीवन दायनी मां बैन गंगा की मुख्य धार भी सूख गई।
हर तरफ जल संकट गहरा रहा है, और रुमाल ग्राम के संवेदन शील सरपंच को इससे कोई लेना देना नहीं है.इस गांव की आबादी लगभग दो हजार के आसपास है, ग्रामीण एक किलोमीटर दूर से पानी ला रहे हैं। ग्राम पंचायत बारिस का इंतजार कर रही है,लेकीन ग्रामवासियों के कंठ प्यासे है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।
संबंधित अधिकारीयों को इस विषम परिष्थिती का जायजा लेकर पेय जल की गंभीर समष्या से निजात दिलाना चाहिए, क्योंकि अभी मानसून को आने में एक पखवाड़ा बाकी है।

# केवलारीः पुलिस ने जघन्य एवं सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के पांचवा आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



दिनांक 16.05.25 के दरम्यानी रात्रि को गोंडी मोहल्ला केवलारी में परासपानी निवासी रूपेश बघेल एवं अमन बघेल की धारदार हथियार से हत्या की गई थी, घटना के चश्मदीद साक्षी के द्वारा रिपोर्ट लेख करायी गई कि मृतक रूपेश बघेल एवं अमन बघेल को आरोपी संकेत ठाकुर, कमल ठाकुर, डाली, कमल ठाकुर की पत्नी एवं एक अन्य व्यक्ति ने मिलकर धारदार हथियार से वार किये थे, जिससे अमन की मौके पर ही तथा रुपेश की सिवनी अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।
रिपोर्ट पर केवलारी पुलिस व्दारा कार्यवाही करते हुये अप.क्र. 259/25 धारा 103(1), 191(3) बी. एन. एस. अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया था जिसमें पुलिस टीम द्वारा दिनांक 20.05.25 को घटना के आरोपी 1. संकेत उर्फ संतु पिता कमल ठाकुर उम्र 26 साल 2. कमल पिता वीरसिह ठाकुर उम्र 67 साल 3. गायत्री पति कमल ठाकुर उम्र 61 साल 4. डॉली पिता कमल ठाकुर उम्र 24 साल को गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है। घटना का अन्य एक आरोपी सचिन ठाकुर उम्र 27 साल फरार हो गया था जिसकी तलाश पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे जिसे दिनांक 28.05.25 को जबलपुर से हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी सचिन ने पुलिस पूछताछ में जुर्म करना स्वीकार किया जिसे वैधानिक कार्यवाही पश्चात माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

**सराहनीय भूमिका**

*आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी केवलारी निरीक्षक श्री एस एस रामटेक्कर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक किशोर वामनकर, थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, थाना प्रभारी अरी उनि. आशीष खोब्रागढ़े, थाना प्रभारी उगली उनि सदानंद गोदेवार, उनि विक्की धुर्वे, उनि संजीव मिश्रा, प्र.आर मूलसिंह उइके, प्र.आर. सादिक मंसुरी, आर. पंकज सोलंकी, आर.क्र शरद गौतम, आर.पराग, आर संतोष भलावी, आर. आकाश, आर. तुलसीराम बोहने एवं साइबर प्रभारी सउनि श्री देवेन्द्र जायसवाल एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही है।*

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 4 जून से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ईश्वर की आसीम अनुकम्पा से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन परम पूज्य पंडित श्री सतीश कृष्ण शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में अमृतवाणी द्वारा ज्ञान की गंगा प्रवाहित करेंगे । इसमें आप सभी से समिति ने अनुरोध किया जाता है सहपरिवार एवं ईष्ट मित्रों सहित उस्थित होकर कथा का आनंद लेते हुए इस अमूल्य जीवन को सफल बनावेंः जिसमें समस्त महिला मंडल (शिव मंदिर) मानेगांव, जिला-सिवनी का सहयोग तन मन धन से मिल रहा है जिसमें दिनांक : 04 जून शुक्रवार से 11 जून बुधवार तक समय दोप. 1 बजे से शाम 05 बजे तक प्रतिदिन और दिन बुधवार 04 जून 2025 कलश यात्रा, गणेश पूजन, के साथ गुरुवार 05 जून 2025 मंगलाचरण, कुन्ती चरित्र, श्री शुकदेवआगमन शुक्रवार 06 जून 2025 सति चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र शनिवार 07 जून 2025 वामन अवतार, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म रविवार 08 जून 2025।



# हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज छपारा।** भारत सरकार के मोटापा नियंत्रण के राष्ट्रीय जन-जागरूकता अभियान के तहत,कौशल विकास संचालनालय के निर्देशानुसार गठित सोशल हेल्थ क्लब कार्यक्रम के तत्वावधान में, आई.टी.आई. कॉलेज, छपारा में एक विशेष हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में बढ़ते मोटापे एवं उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं की समय पर पहचान कर, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा। शिविर का आयोजन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. इनवाती के सहयोग और सोशल हेल्थ क्लब के नोडल अधिकारी अमित शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के CBC, लिपिड प्रोफाइल, विटामिन D3, LFT (लिवर फंक्शन टेस्ट) और TSH जैसी महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य जांचें की गईं। कॉलेज के प्राचार्य श्री नलिन तिवारी ने कहा, स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवाओं में तनाव, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित खानपान के कारण मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। डॉ. टी एसइनवाती ने बताया कि विद्यार्थियों की जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें आगे आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी सतीश सूर्यवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लानी होगी। यह न केवल मोटापा, बल्कि हृदय संबंधी रोगों की रोकथाम में भी सहायक होगा। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल को भविष्य में नियमित रूप से जारी रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हर्ष सोनी,भूपेंद्र उइके, राजकुमार सोयाम,यशवीन ठाकुर,शैलेन्द्र ठाकुर,संजय उइके,राकेश तिवारी नीरज उइके, पी डी नापित,प्रतिभा सोनी का विशेष योगदान रहा।




# शनि देव जन्मोत्सव में विविध धार्मिक आयोजन

**हरिभूमि न्यूज घंसौर** । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी घंसौर नगर के प्रसिद्ध शनि मंदिर प्रांगण में शनि जयंती के पावन अवसर पर शनि देव महाराज का जन्म उत्सव कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।
इस वर्ष शनि जयंती. बट सावित्री पूजन. और मंगलवार का शुभ दिन विशिष्ट संयोग के साथ तमाम भक्तों ने वीर बजरंगी एवं शनि देव महाराज का पूजन अर्चन कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में पूरे दिन भर शनि देव महाराज के भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहा. घंसौर सहित आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शनि मंदिर पहुंचकर शनि अमावस्या की शुभ तिथि पर शनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया. शाम 6:00 से पंडित विवेक शास्त्री के मार्गदर्शन पर शनि महाराज का पूजन.अभिषेक. हवन. संगीतमय महा मंगल आरती. महाप्रसाद भंडारा का वितरण. जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर शनि देव डांस ग्रुप के सदस्यों द्वारा केक काटकर शनि देव महाराज का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर शनि देव मंदिर समिति से कोक लाल यादव. अशोक यादव. गणेश राजपूत. पंडित अनिल तिवारी. नंद कुमार सोनी. मनीष यादव. सोनू यादव. राहुल यादव. पप्पू प्रजापति. मंदिर पुजारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं. पुरुष और बच्चों की सहभागिता रही।



**सफलता की कहानी**

# महिला उद्यमी श्रीमती ज्योति ठाकुर स्वयं आत्मनिर्भर होकर अन्य को दे रही रोजगार




सिवनी जिलें की महिला उद्यमी श्रीमती ज्योति ठाकुर प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का लाभ लेकर आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। श्रीमती ठाकुर ने जेके फूड नाम से अपनी की इकाई स्थापित की हैं। जिसके माध्यम से श्रीमती ठाकुर केले और आलू के स्वादिष्ट चिप्स बनाकर अन्य लोगों को भी रोजगार दे रही हैं। उनके द्वारा बनाये उत्पादों की जिलें ही नही आस-पास के क्षेत्रों में भी अच्छी मांग हैं।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्रीमती ठाकुर बताती हैं कि वह कृषक परिवार से जुड़ी हुई हैं।स्वयं की भूमि में उत्पादित केलों का बाजार में उचित मूल्य न मिलने से उन्हें और उनके पति को केलों का प्रसंस्करण उत्पाद बनाकर बाजार में उपलब्ध कराने का विचार आया। बहुत सोच-विचार और बाजार की मांग का आकलन कर उन्होंने केले से चिप्स बनाने की इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया। उन्होंने इकाई स्थापित करने के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में सम्पर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने पीएमएफएमई योजना से इकाई स्थापना के लिए जरूरी मशीनरी एवं कच्चा माल लेने के लिए 9.55 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। योजनान्तर्गत उन्हें 3.34 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई हैं। विभाग द्वारा व्यवसाय संबंधी तकनीकी एवं व्यवसायिक सहायता भी श्रीमती ठाकुर को मिलती रही।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी बोले- सवा साल में एक भी वादा पूरा नहीं

## प्रदेश में रेत, खनिज, शिक्षा और शराब माफियाओं का वल्लभ भवन में कब्जा : जीतू पटवारी





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सवा साल में मोदी की 5 गारंटी पूरी नहीं हुई। मुख्यमंत्री ने इन्हें पूरा करने का प्रयास तक नहीं किया। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में रेत, खनिज, शिक्षा और शराब माफियाओं का वल्लभ भवन में कब्जा है। उन्होंने मंत्री विजय शाह के मामले में एसआईटी गठन पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि एसआईटी में मंत्री के साथ काम कर चुके अधिकारियों को रखा गया है।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 3 जून को राहुल गांधी भोपाल में संगठन सृजन की शुरुआत करेंगे। यह ग्राम स्तर से जिला स्तर तक किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि 31 मई को जबलपुर में जयहिंद सभा होगी।बालाघाट में पटवारी ढाई घंटे की देरी से पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत आतिशबाजी और फूलमालाओं से किया। उन्होंने सर्किट हाउस से सिंधु भवन तक संविधान बचाओ एवं जय हिंद यात्रा निकाली। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष विधायक संजय उईके और अन्य विधायक मौजूद रहे।

## जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे कांग्रेस में हुई शामिल

### प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में ली सदस्यता, कांग्रेस में लाने में जिला पंचायत अध्यक्ष की रही भूमिका



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लांजी क्षेत्र की तेजतर्रार महिला नेत्री ज्योति उमरे, कांग्रेस में शामिल हो गई है। गुरूवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में, उनके कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार ने किया। जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे के कांग्रेस में प्रवेश से ना केवल लांजी क्षेत्र में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी, बल्कि एक बड़ा वर्ग भी कांग्रेस से जुड़ेगा।

दरअसल, 2013 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी सिंबल पर चुनाव लड़ी ज्योति उमरे को भले ही इस चुनाव में सफलता हाथ नहीं लगी हो लेकिन उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा मनवाया। जिसके बाद वह लगातार, राजनीति क्षेत्र में संघर्ष करते रही और वर्ष 2022 में क्षेत्र क्रमांक 07 से वह पहली बार जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचित हुई। जिसके बाद से वह लगातार, क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय है और बेटा बचाओ अभियान और हिंसा पीड़ति महिलाओं के लिए, संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि महिला शख्सियतो में एक अलग पहचान रखती है। कांग्रेस में प्रवेश के सवाल पर जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे बताती है कि कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर, मैने कांग्रेस की सदस्यता ली है और भविष्य में कांग्रेस के एक समर्पित सिपाही के रूप में वह निरंतर कार्य करते रहेगी। जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे को कांग्रेस में लाने का श्रेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार को जाता है, बताया जाता है कि उन्होंने जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे को कांग्रेस में शामिल होने के लिए पेशकश की थी। जिसके बाद ज्योति उमरे ने कांग्रेस में प्रवेश को लेकर अपना मानस बनाया और गुरूवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में वह कांग्रेस में शामिल हो गई।

### बरसात में स्कूली विद्यार्थियों क़ो होती है भारी परेशानी

## देवरी से ददिया अधूरी सड़क का कब होगा नवनिर्माण, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** वर्षों से अधूरा पड़ा देवरी से ददिया मार्ग बारिश के दिनों में बद से बदतर स्थिति में देखा जा सकता है जिसमें ददिया स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है बताया जा रहा है कि 4 वर्षों से यह मार्ग अधूरा पड़ा है और अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है उक्त गंभीर समस्या से देवरी के ग्रामीण और किसानो द्वारा छोटे स्तर के जनप्रतिनिधि से लेकर पंचायत अध्यक्ष और विधायक को भी उक्त गंभीर समस्या से अवगत करा दिया गया



बावजूद लगभग तीन बीत गए किसी भी जनप्रतिनिधि में अधूरी सड़क पर ध्यान नहीं दिया स्कूली विद्यार्थियों और किसानों के लिए दुखदाई साबित हो सकता है देवरी निवासी मुरलीधर गौतम ने बताया था कि देवरी से ददिया मार्ग पर कुछ हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया है प्रतिदिन दर्जनों स्कूल विद्यार्थी ददिया स्कूल जाते हैं लगभग दो-तीन वर्षों से बारिश के दिनों में हम देखते आ रहे हैं कि मार्ग पर छोटे-बड़े गड्ढे हो जाते हैं इसमें स्कूल की विद्यार्थियों और किसानों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है अधूरे पड़े सड़क के नवनिर्माण के लिए ना कोई अधिकारी ध्यान दे रहा है और ना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधि, हमारी प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द अधूरे सड़क का नव निर्माण कराया जाए क्योंकि आने वाले कुछ ही दिनों में बरसात शुरू होने वाली है ऐसे में मार्ग का नवनिर्माण ना होना विद्यार्थियों और किसानों के लिए बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। मार्ग का जल्द ही नव निर्माण कराया जाए। अब देखना होगा कि शासन प्रशासन वर्षों से अधूरी बड़ी देवरी ददिया सड़क के निर्माण के लिए कितनी जल्दी पहल करता है।

### चंदन नदी में छात्रों ने गाद निकालकर किया श्रमदान

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन के कार्य निरंतर जारी हैं। इसी क्रम में विकासखंड वारासिवनी में जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता छात्रों ने सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया। जिसमे मेहंदीवाडा घाट में चंदन नदी के दोनों तट की पोलीथीन और गाद निकालकर साफ-सफाई की गई और जन जागरूकता का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हमें सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा।

### सांसद ने कहा भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर नहीं

## जिले को मिली दो नई ट्रेने, वीसी के माध्यम से रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाकौशल का बालाघाट जिला उत्तर से दक्षिण रेलमार्ग के लिए काफी अहम है। इस मार्ग से लगभग 238 किलोमीटर की दूरी कम होती है। रेलवे यात्रियों के लिए यह मार्ग ना केवल आर्थिक रूप से बल्कि समय की भी बचत करता है। जिस मार्ग से रेलवे मंत्रालय ने गुरूवार को दो नई ट्रेनो के रवाना होने की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीसी के माध्यम से यह जानकारी दी। जिन्होंने बताया कि व्हाया बालाघाट होते हुए जबलपुर से रायपुर और रीवा से पुणे के लिए ट्रेन रवाना होगी। जिससे जिले के यात्रियों का इसका लाभ मिलेगा।

सांसद भारती पारधी ने बताया कि विगत लंबे, समय लंबी दूरी की ट्रेन की डिमांड, जिले के यात्रियो के लिए की जा रही थी और लगातार हम भी इसको लेकर प्रयासरत थे। आज यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बालाघाट से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की दो बड़ी ट्रेनो की सौगात मिली है। जबलपुर से रायपुर और रीवा से पुणे के लिए ट्रेन चलाए जाने की घोषणा, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीसी के माध्यम से की है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। बालाघाट से होकर लंबी दूरी की दो नई ट्रेन के लिए वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित करती है, हम जिले के रेलयात्रियों से जुड़ी सुविधा के लिए, हमेशा, प्रयासरत है और भोपाल और इंदौर के लिए भी जिले से होकर ट्रेन चलाए जाने के लिए हमारा संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

### खैरलांजी में 4 जून को निशुल्क नेत्र शिविर का होगा आयोजन

**खैरलांजी।** शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में 4 जून को अस्पताल परिसर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन किया जाएगा। उक्त शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उपचार एंव उचित परामर्श प्रदान कर मरीजो को लाभान्वित किया जाएगा। बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया जाएगा एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा जाएगा।

## जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना में हो रहा पंजीयन, जरूरत के समय मिलेगा लाभ

**बालाघाट।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300 वी जन्मजयंती प्रदेश में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई का रही है। 31 मई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस दिन भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिलाओं को सम्बोधित करेंगे। महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में बालाघाट जिला प्रशासन द्वारा अनोखा ननवाचार प्रारम्भ किया गया है। यह नवाचार राष्ट्रीय बीमा योजनाओं में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित बहनों को जोड़ने को लेकर है। बहनों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजनाओँ में पंजीयन कराते हुए आकस्मिक समय में लाभ देने के लिए है। अप्रैल से प्रारम्भ हुए इस नवाचार में अब तक 5315 बहनों का पंजीयन हो भी गया है। इसके लिए पंचायत वार शिविर लगाएं जा रहें है। इसमें महिला बाल विकास विभाग, ग्राम पंचायत और बैंकर्स की बड़ी भूमिका अदा की जा रहीं है। यह शिविर सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को आयोजित हो रहे है।

## जन अभियान परिषद द्वारा चौपाल लगाकर दिलाई गई जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान की क्रियात्मकता निरंतर जारी है। मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पाथरवाडा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गुरुवार को जन जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित ग्रामीणजनों को विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई गई। श्री भगत ने उपस्थित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके साथ ही हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। जिस प्रकार शासन द्वारा यह जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान अभियान चल रहा है इस तरह हम अपने गांव में अपने घर में अपने परिवार में मोहल्ला में गांव गांव में सभी समाज वर्गो को जन जागरूकता कर जल है तो कल है और इसके लिए जल संरक्षण करना सोख्ता, गड्ढे बनना जैसे संरचना ओ का निर्माण करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए। कार्यक्रम में भुपेंद्र पारधी (सरपंच), योगेश ठाकरे (पंचायत सचिव), अरविंद दरवडे (परामर्शदाता), समिति के पदाधिकारी श्री धनेन्द्र चौधरी, सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्त दमयंती आचरे सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।



## मां ने तीन माह की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मौदा में एक विधवा महिला ने अपनी तीन माह की बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। किरनापुर थाना पुलिस ने आरोपी मां दीपाली मते को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना बुधवार रात करीब 1 बजे की है। दीपाली ने अपनी सास को बताया कि बच्ची दूध नहीं पी रही है और हिल-डुल भी नहीं रही। जब सास ने बच्ची को देखा तो उसका शरीर ठंडा पड़ चुका था। सुबह पड़ोसियों को जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

24 वर्षीय दीपाली के पति का निधन नवंबर 2023 में हुआ था,



तब से वह अपने ससुराल में रह रही थी। पुलिस पूछताछ में दीपाली ने अपनी बेटी की हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

एसडीओपी ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी गौतमा मेश्राम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति और पारिवारिक तनाव की जांच कर रही है। बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि की आधुनिक तकनीकी और योजनाओँ की जानकारी देने वाले प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

## कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्य विभाग का कृषि संकल्प अभियान हुआ प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त विकसित कृषि संकल्प अभियान का गुरुवार को जिले के 05 जनपदों की 10 ग्राम पंचायतों में शुभारम्भ किया गया। अभियान का शुभारंभ सांसद श्रीमती भारती पारधी और कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा किया गया। इस दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अभियान के पहले दिन बालाघाट जनपद की ग्राम पंचायत भरवेली और धनसुआ में कार्यशाला आयोजित की गई। सांसद श्रीमती पारधी ने किसानों से योजनाओं एवं नवीन तकनीकियों का लाभ लेने के लिये विभाग द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में उपस्थित होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज कृषि की कई नवीन तकनीकें विकसित हुई है, जिन्हें किसानों को जानना चाहिए। अभी नरसिंहपुर में ही कृषि उद्योग समागम का आयोजन हुआ। इससे पूर्व मंदसौर में कृषि समागम हुआ, ऐसे समागम से किसानों को लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है। उसी श्रेणी में विकसित कृषि संकल्प अभियान है। आज किसानों को कृषि से जुड़ी हर तकनीक जानना चाहिए। जिससे उत्पादन बढ़ा सकें और लागत भी कम करें।

कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि भारत सरकार और मप्र शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही नरवाई प्रबंधन के लिए बेलर एवं सुपरसीडर के उपयोग के लिए जानकारी होना बहुत आवश्यक है। आज खेत में ही उचित और सही तकनीक से प्राकृतिक खाद बनाया जा सकता है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले की समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेंगी। जिसके माध्यम से कार्यक्रम में भारत सरकार और मप्र शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि वैज्ञानिकों द्वारा इजाद की गई नवीन/उन्नत कृषि तकनीकियों तथा कृषकों द्वारा कृषि में किये गये जा रहे नवाचारों की जानकारी, स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों, कृषि उद्यमी एवं प्रगतिशील कृषकों के माध्यम से कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। भरवेली और धनसुआ में आयोजित कार्यशाला में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में जिला स्तरीय दल एवं विकासखण्डर स्तर के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को बीजोपचार एवं बीज शोधन विधि की जानकारी, उन्नडतशील फसल किस्मों एवं उन्नत कृषि तकनीक श्रीअन्न फसलों का क्षेत्र विस्तार, कोदो, कुटकी, रागी, मक्का उत्पादन की नवीन तकनीक, प्रधानमंत्री मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा की जानकारी, खरीफ सीजन में रोग कीट नियंत्रण (जैविक विधियां/रासायनिक विधियां), जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, ड्रोन तकनीकि का उपयोग की जानकारी दी गई।

खरीफ सीजन में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी उर्वरकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। डीएसआर से धान की बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सेअऋणी कृषकों को जोड़ना, ड्रिप/स्प्रिंकलर से सिंचाई यंत्रों के उपयोग पर चर्चा की गई। साथ ही पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्यनकपालन विभाग, सहाकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं व नवीन तकनीकियों के साथ समसामयिक विषयों की जानकारी देते हुये परिचर्चा की गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी कार्यशालाओं में उपस्थित कृषकों को उनके द्वारा किये गये नवाचारों एवं कृषि क्षेत्र में किये गये कार्यो की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई।

विकसित कृषि संकल्प अभियान में गुरुवार को लांजी के ग्राम पंचायत मोहझरी एवं भानेगांव में लांजी विधायक श्री राजकुमार कर्राहे,श्री सीताराम रावते, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री अजय अवसरे, सरपंच मनीषा नाकतोड़े,उपसरपंच रीता रावते द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई।

वारासिवनी के ग्राम पंचायत कोस्तेख एवं थानेगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके एवं ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई। कटंगी में ग्राम पंचायत सिरपुर एवं बनेरा में जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष ने बिरसा ग्राम पंचायत गुदमा एवं भीमलाट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाई गई।

## सड़क सुरक्षा और दुर्घटना जोखिम व घातकता को कम करने के लिए नया सिस्टम लागू हुआ

**बालाघाट।** अब जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अलग तरह से ट्रेकिंग सिस्टम लागू हो गया है। इसका सीधा सा सम्बंध सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ ही, सड़क मापदंडों को समय रहते सुधार करना और घातक दुर्घटनाओं में उपचार सहित सभी कार्यवाही समय सीमा में पूरा करना है। मंगलवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना और एसपी श्री नगेन्द्र सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नए सिस्टम में शामिल विभागों को अलर्ट करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर श्री मीना ने राहवीर योजना यानी किसी भी घातक दुर्घटना में पीड़ति व्यक्ति को गोल्डन ऑवर समय में जान बचाने वाले व्यक्तियों को पुरस्कार राशि प्रदान करने और प्रचार करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा हिट एंड रन के मामलों में समय पर सहायता राशि प्रदान करने की प्रक्रिया में भी जिला स्तरीय समिति ने बदलाव करने की हिदायत दी है। इस सम्बंध में एसपी श्री सिंह ने कहा कि सहायता राशि में जो जो दस्तावेज या जानकारी आवश्यक है। इसकी चैक लिस्ट बनाये, ये लिस्ट यातायात और पुलिस थाने पूरी तरह तैयार कर शाखा में प्रस्तुत करेंगे। अगर फिर भी देरी होती है तो कार्यवाही की जाएगी। वहीं कलेक्टर श्री मीना ने जिले में 6 ब्लैक स्पॉट को व्हाइट स्पॉट बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाइवे और एमपीआरडीसी को 15 दिनों का समय दिया है। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जानकारी प्रस्तुत की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे,सीएमएचओ डॉ.परेश उप्लव,पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री श्री अडमे, एमपीआईडीसी के श्री मुकेश बैले, यातायात प्रभारी श्री आकाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजुद रहे।परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए एक नया सिस्टम बनाया गया है। इस नए पोर्टल/एप्प पर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही, फील्ड ऑफिसर विजिट करने के बाद दुर्घटना के कारण तलाशते हुए एक दुर्घटना की आईडी जनरेट की जाएगी,फिर दुर्घटना से जुड़े बिंदु फ़ोटो वीडियो, दुर्घटना की स्थिति आदि की जानकारी और आईडी थाना प्रभारी को फारवर्ड होगी। इसके बाद से अन्य छानबीन सहित उपचार व दुर्घटना के कारणों को दूर करने के लिए सड़क निर्माण और स्वास्थ्य विभाग तत्पर कार्य करेंगे। इस पुरी दुर्घटना और कार्यवाही ऊपर लेवल पर भी मॉनिटरिंग में रहेगी।